•छात्रों को...

## अंक सुधारने का सुनहरा मौका

**धर्मशाला :** अगर आपने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से 10वीं या 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और किसी कारणवश परीक्षा में कम अंक आए हैं, जोकि आपके रोजगार में रोड़ा हैं तो घबराए नहीं। स्कूल शिक्षा बोर्ड जल्द ही दसवीं और बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके लोगों के लिए श्रेणी सुधारी की सौगात देने जा रहा है। बोर्ड प्रशासन ने इसके लिए प्रारंभिक तौर पर खाका तैयार कर लिया है। बोर्ड की आने वाले दिनों में होने वाली बैठक में प्रस्ताव पर मुहर लगाई जाएगी। प्रस्ताव की खास बात ये है कि 1990 से अब तक जिस भी संकाय में विद्यार्थियों ने बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण की है वह श्रेणी सुधार परीक्षा के लिए पात्र माने जाएंगे। परीक्षार्थी जितने भी सभी विषयों की चाहे परीक्षा दे सकता है। सभी विषयों में रीअपियर की सुविधा मिलने से अंक प्रतिशतता ज्यादा बढ़ने की उम्मीद भी बढ़ जाती है।

दरअसल तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्ती परीक्षाओं के दौरान साक्षात्कार की अनिवार्यता खत्म हो चुकी है। इंटरव्यू के दौरान मेरिट अब सिर्फ 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण अंकों और अन्य प्रमाण पत्रों की सहारे तैयार होती है। पहले 30 से 40 अंकों का साक्षात्कार होता था। कुछ साल पहले शुरू हुई व्यवस्था के कारण वे लोग परेशान हैं जिनके 10वीं और 12वीं में कम अंक हैं। अब श्रेणी सुधार का अवसर मिलने से ऐसे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। जिन लोगों के किसी कारणवश कम अंक आए हैं, वह श्रेणी सुधार की परीक्षा देकर अपने अंक बढ़ा सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने श्रेणी सुधार की परीक्षा के लिए अभी पाठ्यक्रम तय नहीं किया है। बताया जा रहा है प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आने वाली बैठक में इसको लेकर चर्चा की जाएगी। इसमें विचार होगा की परीक्षा पुराने पाठ्यक्रम के अनुसार ली जाएगी या फिर नए।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड से 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वालों के लिए श्रेणी सुधार का मौका मिलना चाहिए। कई लोगों से इस तरह के सुझाव मिले हैं। बोर्ड प्रशासन इस प्रस्ताव पर काम कर रहा है। सभी तरह की औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद जल्द ही इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई जाएगी ताकि किसी कारणवश पूर्व की परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने से वंचित रहे लोग श्रेणी सुधार की परीक्षा देकर अंकों में सुधार कर सकें।

•तीखा बयान...

## 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी बीजेपी...



**शिमला :** लोकसभा चुनाव के लिए अब तक हुए तीन चरणों के चुनाव में भाजपा की हवा निकल गई है। बीजेपी इस बार 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी जुमलों की सरकार है जो बड़े- बड़े वायदे करती है, लेकिन जमीन पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर सत्ता हथियाना चाहते हैं। इस बाद देश मे बड़ा बदलाव होने वाला है, जहां बीजेपी 2004 की तरह इंडिया शाइनिंग की तरह धराशाही होने वाली है। 4 जून को बीजेपी को बड़ा सदमा बड़ी हार के साथ लगने वाला है। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा 2014 में किए गए वायदों की बात दस साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नहीं करती है। पीएम मोदी से लेकर भाजपा के शीर्ष नेता सिर्फ ध्रुवीकरण की बात करते हैं भाजपा न तो आज बेरोजगारी, महंगाई और किसानों- बागवानों की बात करते हैं न महिलाओं की सुरक्षा की बात। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में देश के युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी देने की बात कही थी लेकिन आज देश ने बेरोजगारी की दर में 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। देश विश्व में बेरोजगारी की दर में सबसे टॉप पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज पकौड़े तलने पर मजबूर है देश मे महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। महंगाई सातवें आसमान पर है और किसान-बागवान आत्महत्या करने को मजबूर है। पिछले दस वर्षों में देश का किसान-बागवान अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते रहे लेकिन अहंकारी सरकार को अंततः तीन काले कृषि कानूनों को वापिस लेना पड़ा। उसी तरह देश में युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सपना भी चकनाचूर कर अग्निवीर योजना लाई है जिससे युवा वर्ग परेशान हो गया है।

रोहित ठाकुर ने शिमला संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी व पूर्व सांसद सुरेश कश्यप को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सुरेश कश्यप पिछले पांच साल में भूमिगत रहे। न तो जनता के बीच दिखाई दिए और न ही जनता की समस्याओं को सुलझा पाए। उन्होंने कहा कि MPLAD फंड में भी सांसद ने भाई भतीजावाद को बढ़ावा दिया। पांच साल पहले सोलन के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र की 46 पंचायतों से बीजेपी प्रत्याशी को 41 हजार की लीड मिली थी, लेकिन पांच साल में उसी विधानसभा की 27 पंचायतों को अनदेखा कर एक भी पैसा नहीं मिला जिसका जवाब अब यहां की जनता देगी। उसी तरह सिरमौर और शिमला जिला की पंचायतों को भी अनदेखा किया गया है जहां MPLAD का फंड बांटने में भाई भतीजावाद किया गया।



## जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे बिके हुए पूर्व विधायक : सीएम सुक्खू

**सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अब तक के इतिहास में हमारी सरकार ने एक साल में 2200 करोड़ रुपये का सर्वाधिक अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है।**

**प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करने में हमारा साथ दे, हर वर्ग के लिए सरकार की पोटली पहले से अधिक खुलेगी। हमारा पूरा मंत्रिमंडल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में लगा हुआ है...**

■ **मनोज/धर्मशाला**

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बिके हुए पूर्व विधायक सलाखों के पीछे जाएंगे। जांच चल रही है, उसके पूरा होने के बाद बड़े खुलासे होंगे। इनमें से कोई भू माफिया, नशा माफिया तो कोई खनन माफिया बन गया है। धर्मशाला के पूर्व विधायक ने भी 14 महीने में खुद को राजनीतिक मंडी में बेच दिया। सीएम ने ये बातें लोकसभा उम्मीदवार आनंद शर्मा के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद जोरावर स्टेडियम में कहीं।

सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अब तक के इतिहास में हमारी सरकार ने एक साल में 2200 करोड़ रुपये का सर्वाधिक अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करने में हमारा साथ दे, हर वर्ग के लिए सरकार की पोटली पहले से अधिक खुलेगी। हमारा पूरा मंत्रिमंडल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में लगा हुआ है। जयराम ठाकुर सीएम रहते 5 साल सोए रहे, इसलिए प्रदेश का खजाना लुटा। बीजेपी नेताओं ने प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया है, आने वाले समय मे इसका खुलासा भी किया जाएगा। कांग्रेस सरकार 15 महीने के कार्यकाल के आधार पर जनता की अदालत में राजनीतिक चुनौती का सामना कर रही है। नोट के दम पर वोट खरीदने वालों को सबक सिखाना जनता के हाथ में ही है।

सीएम ने कहा कि पहली जून को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा को सांसद चुनकर भेजिए, उनकी आवाज राष्ट्रीय स्तर पर सुनी जाएगी। उनके मन में आम आदमी के लिए पीड़ा है, वह आम परिवार से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आनंद किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, उनके मन में हिमाचल बसता है। उन्होंने कांगड़ा के साथ ही पूरे हिमाचल में अपनी राज्यसभा की सांसद निधि दी है। पूर्व मनमोहन सरकार में आनंद शर्मा की तूती बोलती थी। वह मंडी में आईआईटी, कांगड़ा जिले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एनआईएफटी, कंदरोड़ी में 150 करोड़ रुपये का इंडस्ट्रियल पार्क, पालमपुर में टी बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय इत्यादि बड़ी सौगातें प्रदेश के लिए लाए हैं।

सीएम सुखविंदर सिंह ने कहा कि आनंद शर्मा पार्टी हाईकमान के कहने पर चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने मुझे सीएम बनने पर कहा था कि अगर हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है तो ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली 90 फीसदी आबादी के हाथ में सीधा पैसा पहुंचना चाहिए। हिमाचल सरकार ने 15 महीने के कार्यकाल में जनहित में काम किया है। प्रदेश में इतनी बड़ी आपदा आई, लेकिन केंद्र सरकार ने फूटी कौड़ी तक नहीं दी जबकि छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी गुल्लकें तोड़कर दान दिया। बीजेपी सिर्फ राजनीति करने में व्यस्त रही, लोगों के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया।


सीएम सुखविंदर सिंह ने कहा कि पार्टी ने विधानसभा उपचुनाव में धर्मशाला से देवेंद्र जग्गी को मैदान में उतारा है। यह बिकाऊ नहीं, ईमानदार हैं। धर्मशाला नगर निगम में मेयर रहते अच्छा काम किया है व मिलनसार हैं। जनता चुनाव में इनका साथ दे, धर्मशाला के बिकाऊ विधायक के बारे में जनता जानती है, उसे जनबल ही सबक सिखाएगा।

## कुटलैहड़ में जांची मतदान केंद्रों की व्यवस्था

**ऊना :** डीसी जतिन लाल ने गुरुवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने वहां मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने दौरे में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां और कुरियाला और राजकीय प्राथमिक पाठशाला बूसल और कुरियाला में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधाओं के लिए जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सभी न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित बनाई गई हैं। मतदान केंद्रों पर लोगों की सुविधा के लिए छायादार स्थान, स्वच्छ पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर व शौचालय समेत सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा मतदान मतदान केंद्रों पर एनसीसी व एनएसएस के वालंटियर्स भी लोगों की सहायता के लिए तैनात रहेंगे।

•प्रतिबंध...

## ट्रैकिंग के लिए



**रिकांग पिओ :** किन्नौर जिले में ट्रैकिंग के लिए पहुंचने वाले ट्रैकिंग दलों को वन विभाग की स्वीकृति लेना जरूरी होगा। इसके साथ ही दलों को सुरक्षा के दृष्टिगत जीपीएस ट्रैकर सिस्टम भी साथ रखना होगा। उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने ट्रैकर व्यवसाय से जुड़े लोगों को पर्यटन स्थलों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत आवश्यक सुझाव भी मांगे। शर्मा ने बुधवार को जिले के पर्यटन व्यवसाय से जुड़ी ट्रैकर समिति के सदस्यों के साथ बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ट्रैकिंग व्यवसाय से जुड़े युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने सुझाव प्रशासन को दें। वन क्षेत्रों सहित ट्रैकिंग के लिए ट्रैकर्स, ऑपरेटर को शिविर, तंबू आदि लगाने के लिए, वन विभाग से अनुमति लेनी होगी। पर्वतारोहण और ट्रैकिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण रस्सियां, हार्नेस, पुली सिस्टम और पोरबाइट स्ट्रेचर को एक अलग किट के रूप में रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि संचालकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ट्रैकिंग केवल स्वीकृत मार्ग पर ही की जाए, किसी भी मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

•आधी रात को धमाका...

**मंडी : जिले के बालू क्षेत्र के परौल गांव में आधी रात को जोरदार धमाका हुआ। इससे पूरे गांव में दहशत मच गई। यह धमाका रात करीब 2:20 बजे गांव के परमदेवी पुत्र बृज के मकान में हुआ। इससे रसोईघर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रसोईघर में रखा सारा मकान भी राख हो गया। जबकि एलपीजी सिलिंडर पूरी तरह सुरक्षित है। रसोईघर से सटे स्लेटपोश मकान को भी क्षति पहुंची है। धमाका इतना जोरदार था कि रसोईघर के भीतर सबकुछ राख हो गया। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह धमाका किस वजह से हुआ।**